प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 02.11.2026

- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए गैर इरादतन हत्या की घटना में वांछित 03 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार**

कृपया सादर अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 22.10.2026 को थाना मंगलपुर पर वादिनी सिद्ध कुमारी पुत्री रामचंद निवासिनी ग्राम प्रयागपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा लिखित तहरीर बावत अभियुक्तगणों द्वारा दिनांक 21.10.26 को समय करीब 19.30 बजे मेरे घर के अंदर लाठी-डण्डे व धारदार हथियार लेकर घुस आना व मेरे पिता रामचन्द्र के साथ गाली-गलौच करते हुये जानलेवा हमला करना एवं मेरे द्वारा बीच बचाव करने पर मेरे साथ भी मारपीट करने जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में दी गयी। जिसके आधार पर थाना मंगलपुर पर मु0अ0स0 359/2026, धारा 333/115(2)/352/351(3) बीएनएस बनाम 1. शोभित पुत्र अरविंद कुमार, 2. सुमित पुत्र अरविंद कुमार, 3. सुनीता पत्नी अरविंद कुमार निवासीगण ग्राम प्रयागपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात, 4.राहुल पुत्र सुखवासी निवासी ग्राम भानदत्तपुरवा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। दौराने विवेचना मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित मजरूब रामचन्द्र पुत्र स्व0 धनीराम उम्र करीब 57 वर्ष निवासी प्रयागपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात की दिनांक 30.10.2026 को दौराने इलाज हैलट अस्पताल कानपुर नगर में मृत्यु हो गयी। थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा 3(5)/105 बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

आज दिनांक 02.11.2026 को थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए नामित वांछित अभियुक्तगण 1. शोभित पुत्र अरविन्द, 2. सुमित पुत्र अरविन्द कुमार निवासीगण ग्राम प्रयागपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात, 3. राहुल पुत्र सुखवासी निवासी ग्राम भानदत्तपुरवा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात को ग्राम प्रयागपुर जाने वाली सडक के मोड थाना क्षेत्र मंगलपुर से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी के फट्टे को बरामद किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण उपरोक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण-

1.. शोभित पुत्र अरविन्द उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम प्रयागपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
2. सुमित पुत्र अरविन्द उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम प्रयागपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
3. राहुल पुत्र सुखवासी उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम भानदत्तपुरवा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्तगण शोभित, सुमित व राहुल उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-

1. **मु0अ0स0 359/26 धारा 333/115(2)/352/351(3)/105/3(5) बीएनएस थाना मंगलपुर का0दे0।**

गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1. **उ0नि0 श्री कीर्ति प्रकाश कनौजिया**
2. **का0 987 आलोक कुमार**
3. **का0 1304 रविन्द्र राणा।**
4. **हे0का0 109 मुकेश कुमार**